तेंदुआ के हमले से हुई बैल की मौत

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव क्षेत्र में काफी दिनों से वन्य जीव तेंदुआ की हलचल बनी हुई है जो की पूर्व में ग्राम हिड़की के पास खेत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वन्यजीव तेंदुआ दिखाई दे रहा था उसके बाद ग्राम मुरदई में भी तेंदुआ के होने की सूचना एवं और उसके पक्ष चिन्ह मिलने की पुष्टि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई थी। तेंदुआ गोटेगांव तहसील क्षेत्र में करीब हफ्ते भर से लगातार मूवमेंट कर रहा है लेकिन तेंदुआ द्वारा किसी जीव ,जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया था

ताजा मामला ग्राम तरवारा का बताया जा रहा है। ग्राम तरवारा निवासी अर्जुन ठाकुर के घर पर बंधे हुए बैल पर वन्यजीव तेंदुआ ने विगत रात्रि को घात लगाकर हमला कर दिया जिससे बैल की मृत्यु हो गई।उक्त घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारीयों का अमला मौके पर पहुंचा जहां उन्होंने तेंदुए का शिकार हुए मृत बैल को देखा एवं ग्रामीणों को सतर्क और सुनसान इलाकों पर न जाने की सलाह दी।

इनका कहना है-

तेंदुआ पालतू पशु पर हमला करता है तो उसकी क्षतिपूर्ति विभाग द्वारा संबंध व्यक्ति को दी जाएगी,

तेंदुआ की बंदिश का कोई नियम नहीं है, उसे पकड़ा नहीं जा सकता,हालांकि जानवरों की क्षति वह करता है इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाता ।

आरके प्यासी
प्रभारी रेंजर गोटेगांव

बरमान मेले को लेकर बैठक में विचार-विमर्श

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नर्मदा तट पर बरमान में प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध मेले की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बरमान रेस्ट हाऊस में हुई। बैठक में मेला समिति के सदस्यों से सुझाव लेकर मेले को और बेहतर स्वरूप देने पर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर, सहायक कलेक्टर शुभम यादव, मेला समिति के सदस्य, व्यापारी वर्ग, संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि मेले में नरसिंहपुर ज़िले के साथ- साथ अन्य निकटवर्ती ज़िलों से श्रद्धालुओं का आना होगा, उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। अधिकारियों- कर्मचारियों, राजस्व, जनपद के स्थानीय अमले के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों को इस

घाट प्रबंधन समिति गठित करने का लिया निर्णय

दौरान सौंपे गये दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिये गये। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि पुल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में सर्वसम्मति से बरमान घाट प्रबंधन (उत्थान) समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। ग्राम पंचायत एवं विक्रेता/ सेवा प्रदाताओं के मध्य सेवा शर्तों के साथ अनुबंध किया जाएगा। सेवा प्रदाताओं का पंजीयन करने के साथ उनके पहचान पत्र बनायें जाएँगे। विक्रेता और सेवा प्रदाताओं से स्वच्छता एवं संपत्ति कर प्रतिमाह की दर से नियमित रूप से वसूला जाएगा। वॉलेंटियर्स के माध्यम से गन्दगी करने वालों के ऊपर स्पॉट फाइन किया जावेगा, जिसकी 50 प्रतिशत राशि वालंटियर और 50 प्रतिशत ग्राम पंचायत के खाते में जमा की जावेगी। आईईसी गतिविधियों के माध्यम से इनका व्यापक प्रचार- प्रसार सुनिश्चित किया जाये। श्रद्धालुओं के लिए घाटों के समीप चेंजिंग रूम आदि सुविधाएं बढ़ाने के लिए कार्यवाही की जावेगी। बैठक में निर्देश दिये गये कि मेला में अस्थाई शौचालय, विद्युत और पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर ने मेला स्थल पर पार्किंग, चिकित्सा व्यवस्था, आवश्यकतानुसार फायर बिग्रेड, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, जनरेटर, शौचालय, मोटरबोट, तैराक आदि से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।मेले में दुकानों की जगह का ले आउट तैयार करने के निर्देश मेला समिति सचिव को दिए ताकि दुकानदारों को दुकान का आवंटन समय पर हो जाये। सभी दुकानदार साफ़ सफ़ाई को प्रोत्साहित करें। इसके लिए डस्टबीन की व्यवस्था दुकानों के पास स्वयं से करें।

बेस्ट ऑफ फाइव योजना समाप्त

गाडरवारा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने इस साल से दसवीं में बेस्ट ऑफ फाइव योजना को समाप्त कर दिया है। इस कारण स्कूल शिक्षा विभाग को इस बार 10 वीं का परिणाम खराब होने का डर भी सता रहा है।

हाल ही में अभी नौवीं से 12वीं कक्षा तक की तिमाही परीक्षा का परिणाम जारी किया गया, जिसमें सबसे खराब परिणाम 10वीं का 55 फीसद से कम रहा। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने बेहतर रिजल्ट के लिए कवायद शुरू कर दी है।

जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देकर 10वीं व 12वीं कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से विशेष कक्षाएं लगाने के लिए कहा गया है। इस पर सभी जिले के डीईओ ने प्राचार्यों की समीक्षा बैठक बुलाकर कमजोर बच्चों को चिह्नित करने और रेमेडियल क्लास लगाने के निर्देश दिए हैं।

प्राचार्यों को भी निर्देश दिए गए हैं कि 10वीं व 12वीं में पाठ्यक्रम को पूरा करवाने के लिए रेमेडियल कक्षाओं के साथ ही अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था भी की जाए। जो विद्यार्थी जिस विषय में कमजोर हैं, उनके सेक्शन मिलाकर एक कक्षा लगवाई जाए, ताकि विद्यार्थियों के कमजोर पक्ष को पहचान कर उसे दूर किया जाए।

सार-समाचार

नवीन आचार्यों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

बरमान, देशबन्धु । एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा महाकौशल संभाग अंचल नरसिंहपुर में चार संचो का 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग का आज शुभारंभ हुआ । उद्घाटन में संच बरमान के अध्यक्ष हेमेंद्र शुक्ला सिंहपुर संच अध्यक्ष सूर्य प्रकाश स्वामी उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद कोषाध्यक्ष नरेश कुमार पांडे समिति सदस्य रामनारायण, दिनेश दुबे, मोतीलाल चौरसिया, ग्राम समिति अध्यक्ष विनोद कुमार आंचल से प्राथमिक शिक्षा प्रमुख गुलमान जी कार्यालय प्रमुख सूरज पटेल संच प्रमुख राकेश जी, जगदीश जी, श्याम जी, बृजेश जी, निलेश जी सहित सभी नवीन आचार्य उपस्थित रहे ।

प्रतिभाशाली गरीब मुस्लिम बच्चों को वक्फ बोर्ड देगी छात्रवृत्ति

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा शिक्षा नीति (पढ़ो पढ़ाओ एवं राष्ट्रीय निर्माण में भागीदारी बनो) के संबंध में पारित निर्णय के परिपालन में एवं बाकिफ की मंशा (दान करता की इच्छा शर्तों) के अनुसार मुस्लिम गरीब छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा प्रत्येक जिले में वक्फ संपत्तियों की प्रबंध व्यवस्था हेतु गठित जिला वक्फ कमेटी एवं प्रबंध संपत्तियों द्वारा वर्ष 2023-24 में कक्षा दसवीं में 65 या उससे अधिक अंक लाने वाले ऐसे विद्यार्थी जो आगे पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने का निर्णय मध्य प्रदेश वक्फ ने लिया है। बताया जाता है कि छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं 12वीं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट आदि की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को मदद के रूप में जिला स्तरीय मैरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनके इंस्टिट्यूट को बैंकिंग के माध्यम से दिया जाना है, छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी मध्य प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा बनाए गए जिला इकाई कार्यालय या नरसिंहपुर जिले के वक्फ मस्जिद कमेटियों के अध्यक्ष मोहम्मद नईम खान नरसिंहपुर 9752128332, रज्जाक खान गोटेगांव 930190070, अबरार खान गाडरवारा 9826611053 के उक्त नम्बर पर प्राप्त कर सकते हैं।

एक दिवसीय आनंद अल्पविराम परिचय कार्यशाला का होगा आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनकी दैनंदिनी कार्यों में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने की दृष्टि के लिए एक दिवसीय अल्पविराम प्रत्येक विकासखंड स्तर पर अलग- अलग दिनांकों में कार्यशाला का आयोजन प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। यह कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत, कृषि, वन विभाग, पुलिस विभाग आदि के कुल 60 अधिकारी- कर्मचारी के लिए होगी। एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला विकासखंड चांवरपाठा में 27 नवम्बर को, विकासखंड चीचली में 28 नवम्बर को, विकासखंड सांईखेड़ा में 29 नवम्बर को, विकासखंड गोटेगांव में 4 दिसम्बर को, विकासखंड करेली में 5 दिसम्बर को एवं विकासखंड नरसिंहपुर में 6 दिसम्बर को संबंधित जनपद सभागार में आयोजित होगी। प्रत्येक विकासखंडों में आयोजित होने वाली कार्यशाला में 10 पंचायत सचिव, 10 रोजगार सहायक, 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 10 आशा कार्यकर्ता, 10 जनशिक्षक, 5 नगरीय निकाय, जनपद, वन विभाग, 3 पुलिस विभाग एवं 2 कृषि विभाग सहित कुल 60 प्रतिभागी शामिल होंगे।

नाबालिग से छेड़छाड़ व बलवा प्रकरण के आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर, देशबन्धु। बिजुरी थाना क्षेत्र में 12 अक्टूबर को अनुसूचित जाति की नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की घटना पर आरोपी

माखन तिवारी पिता हरिप्रसाद तिवारी उम्र 35 वर्ष, गंगाराम साहू पिता नारायण प्रसाद साहू उम्र 28 वर्ष दोनो निवासी भगता को गिरफ्तार कर 22 नवम्बार को न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना अजाक मे धारा 74, 296, 351(3) बीएनएस 7,8 पाक्सो एक्ट, 3(1)2(द्वद्व), 3(1)द,ध, स्ष्ट/स्ज्ञ एक्ट3 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जिसके अनुसंधान मे प्रकरण मे धारा 190, 191(2), 324(4) बीएनएस का ईजाफा किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, उपनिरीक्षक यू.एन. मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक कमलेश तिवारी, प्रदीप अग्निहोत्री, रविकरण पयासी, आरक्षक लक्ष्मण डांगी, प्रभाकर त्रिपाठी, नरेन्द्र जाट, रामनिवास गुर्जर, महिला आररक्षक संगम तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विद्युत पेंशनरों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंसनर संगठन नरसिंहपुर शाखा की बैठक झरना स्थित देवीजी के मंदिर के प्रांगण में वरिष्ठ पेंशनर बी आर सिंह एवं के वी केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ एवं मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं के भजन पूजन से प्रारंभ की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया कि 17 दिसंबर पेंशनर डे के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मेलन करेली में आयोजित किया जाएगा ,पेंशनरों को 65,70,75,80 वर्ष की आयु में क्रमशः 5त्न 10त्न 15त्न एवं 20त्न राशि बढ़ाई जावे, कंप्यूटेशन की राशि 15 वर्ष से घटाकर10 वर्ष 8 माह की जावे, स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र लागू की जावे आदि अनेक समस्याओं पर विचार कर शासन द्वारा शीघ्र निर्णय किया जावे ।बैठक को इंजीनियर बी एस पटेल, इंजीनियर जीएस पटेल हर प्रसाद कहार, सुभाष दुबे श्यामलाल रघुवंशी ,गणेश कुमार चतुर्वेदी ,के के नामदेव, अमर सिंह चौधरी आदि पेंशनरों ने संबोधित किया ।

बैठक में विशेष रूप से संत कुमार शर्मा, अशोक श्रीवास्तव , एच आर साहू,शिव प्रसाद कहार, डब्बल सिंह पटेल, बहाद खान ,अजीम खान, के जी शर्मा ,रामकुमार कौरव ,मेरसिंह प्रजापति ,दीप सिंह चौधरी, गेंदा लाल कोरी, एस एन चंदोलिया, विजय कुमार नेमा, सी एल गर्ग, सुरेश जैन आदि अनेक पेंशनर उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन गणेश कुमार चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन अरुण खरे द्वारा किया गया।

दो चरणों में आयोजित होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

नरसिंहपुर, देशबन्धु । परिवार कल्याकण कार्यक्रम के तहत आज ही करें पति- पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात की थीम पर पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2024 तक दो चरणों में किया जायेगा। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के आयोजन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में प्रतिवर्ष पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ावा देना है। जिले में पुरूष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण में 21 से 27 नवम्बर तक सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियों आयोजित की जायेंगी और दूसरे चरण में 28 नवम्बर तक प्रदायगी गतिविधि के रूप में मनाई जायेगी। जिला अस्पताल नरसिंहपुर, सिविल

सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अस्पताल गाडरवारा अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में पुरूष नसबंदी ऑपरेशन के शिविर आयोजित किये जायेंगे।

इस दौरान चिन्हित इच्छुक हितग्राही का बिना चीरा, बिना टाका व दर्द रहित नसबंदी ऑपरेशन किया जायेगा। यह सारथी रथ जिले के गांव- गांव भ्रमण करेगा और लोगों को परिवार कल्याण का संदेश देगा। इसके अलावा ब्लॉक/ शहरी क्षेत्र के कम्युनिटी हेल्थ आफीसर, पुरूष एवं महिला सुपरवाईजर, पुरूष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगी, नारे लेखन, पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से पुरूष नसबंदी का व्यापक प्रचार- प्रसार किया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजकिशोर पटैल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भारती चौरसिया, श्रीमती हर्ष ठाकुर, दिनेश पटैल, रंजीत चौधरी, कार्यालय के अन्य कर्मचारी तथा समस्त स्टाफ मौजूद था।

नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान

गाडरवारा देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में पीजी.कॉलेज में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थी संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी गाडरवारा रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक प्रियंका केवट, उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, समाज सेवक मुकेश बसेड़िया, गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल ने कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मादक पदार्थों,शराब, सिगरेट, बीड़ी एवं तंबाकू से होने वाले नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी दी गई एवं नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही नशा मुक्त होने की शपथ दिलाई गई।

छेड़छाड़ के दोषी को छह माह की सजा

नरसिंहपुर, देशबन्धु। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी जाकिर खान उम्र 41 वर्ष को धारा-11(i)/12 पॉक्सो एक्ट में 6 माह का सश्रम कारावास, पांच सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि 29.8.2024 को अभियोक्त्री ने थाना कोतवाली उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह कपुरी संजय वार्ड नरसिंहपुर में रहकर शासकीय माध्यमिक स्कूल तलापार नरसिंहपुर में कक्षा 8वीं में रोज पढ़ने अकेले पैदल स्कूल जाती है। 29 के शाम करीब 4:30 बजे वह पैदल स्कूल से आ रही थी और जब मोहल्ले के मंझले दादा के घर के पास पहुंची तभी उसके ही मोहल्ले का जाकिर खान आया और उसे गंदी नजर से देखकर अश्लील गालियां देने लगा, उक्त घटना उसने घर आकर मम्मी पापा को बताई और उनके साथ रिपोर्ट करने आई है। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना कोतवाली नरसिंहपुर में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान में लेकर अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गये, मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रामकुमार पटेल द्वारा की गई।

बाल मजदूरी विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शुक्रवार को आगाज 4.0 इंटर्न श्रुति गुप्ता के द्वारा नरसिंहपुर जिले के पीएमसी गवर्नमेंट एमएलबी हायर सेकेंड्री स्कूल में बाल मजदूरी नामक विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा बाल मजदूरी पर चित्र बनाकर लाए गए जिसमें मुनमुन ठाकुर कक्षा बारहवीं ने प्रथम स्थान एवं शिवानी मेहरा कक्षा बारहवीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही एक्सीलेंस स्कूल नरसिंहपुर में कविता पाठ का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एकत्रित करके बाल मजदूरी के महत्व को समझाया गया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में सभी को जानकारी दी गई ।

विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता

सहभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। विकासखंड नरसिहपुर अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी के निर्देशन एवम् विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन डाइट प्रार्थना कक्ष नरसिंहपुर में किया गया। प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी में दस जनशिक्षा केंद्रों के विभिन्न विधाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय के,11. गणित के ,6,सामाजिक विज्ञान के अंतर्गतइतिहास,भूगोल ,राजनैतिक जीवन मिलकर कुल 12 पर्यावरण के7, मॉडल बनाए गए। प्रदर्शनी में मॉडल के निर्णायक दल में प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव डाइट व्याख्याता जी एल उपरेलिया , मनीष कटारे ,विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय सदस्यीय निर्णायक रहे। प्रदर्शनी में विषय के मॉडल प्रदर्शन में छात्र छात्राओं द्वारा स्मार्ट सिटी,स्ष्टरू विद्युत धारा का प्रवाह ,एकांतर कोण, जलिया वाला बाग हत्या कांड ,वर्किंग रोबोट पानी से अवतल लेंस बनाना ज्वालामुखी,सौरमंडल, के अलावा बोलता हुआ रोबोट आकर्षण का केंद्र रहा।

इसी प्रकार सोलो सांग के अंतर्गत 6 विद्यालय के छात्र छात्राओं,सेमिनार के अंतर्गत 3 विद्यालय के छात्र छात्राओं, एवं लघु नाटिका के अंतर्गत 4 विद्यालय के विद्यार्थियों के समूह ने अपनी प्रस्तुति दी। सोलो सांग के निर्णायक में बी ए सी ब्रजेश नेमा ,विनोद झारिया , व्याख्याता श्रीमती अलका शर्मा ,निर्णायक समिति द्वारा अभिनव संवाद पात्रों का आपसी समन्वय, स्क्रिप्ट की प्रभावशीलता, हावभाव इत्यादि आयाम के अंतर्गत अपना निर्णय दिया। विकासखंड स्तर से चयनित विद्यार्थी अब जिला स्तरीय विज्ञान गणित प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता देंगे।

स्व. श्याम सुंदर नारायण मुशरान जयंती पर पुष्पांजलि आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न स्वर्गीय श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की जंयती के अवसर पर आज 23 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा स्थानीय मुशरान पार्क में प्रातः 10:30 बजे पुष्पांजलि एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संस्था परिवार के प्रेरणा स्त्रोत स्व. मुशरान की प्रतिमा के समक्ष एम.आई.एम.टी के समस्त स्टाफ मेम्बर्स, एन.एस.एस. इकाई एवं एन.सी.सी. कंपनी तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा जिले के गणमान्य जनों से उपस्थिति की अपील की गई है।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए